Bhasha Sangam: A Report

An initiative to promote multilinguism under "Ek Bharat Shreshtha Bharat"

The programme "Ek Bharat Shreshtha Bharat" was initiated to celebrate the spirit of national integration. "Bhasha Sangam" marks the unique symphony of languages of our country and is an expression of our shared dreams, hopes and aspirations for one India. Under Bhasha Sangam initiative it was planned to provide multilingual exposure to students in Indian languages listed in the VIII schedule of the Constitution of India. This initiative was just the beginning of the journey meant to create interest in these languages and aroused curiosity to learn more.

Objectives of Bhasha Sangam included:

- To introduce school students to all the 22 languages of Schedule VIII of the constitution of India.
- To enhance linguistic tolerance and respect, and promote national integration.

A short dialogue consisting of five simple and commonly used sentences were designed in 22 languages for its use by students of all classes. A booklet was developed with translation of these sentences into all the 22 languages and Quick Response Codes (QR codes) were generated and audio recordings of these sentences spoken by the native speakers of these languages were linked with QR Codes. This was done to facilitate listening, comprehension and practice speaking of these languages. A booklet with guidelines and details of these resources were made available on e-pathshala.gov.in and mhrd.gov.in/bhashasangam website.

The programme was started on 20th November, 2018 and all the 22 languages were introduced in alphabetical order upto 21st December, 2018. Apart from this, the texts of each language were shared on social media on day to day basis to facilitate availability of text among all concerned.

This initiative has attracted large number of schools, students, teachers and teacher educators across the country. Organisation of Bhasha Sangam activities during morning assembly and speaking various languages through multiple activities, linking it to subject learning is visible from videos and photographs shared by schools. The teachers and teacher educators from States/UTs have taken various initiatives to disseminate Bhasha Sangam activities through social media and other mass mediums. Impact of these efforts are visible through various platforms including social media platform. Some of those are given on subsequent pages:

It is heartening to note that all the 36 States and UTs have actively participated in this event and 1,35,414 video recordings have been shared by schools across the country. These videos can be accessible on the link ***http://bhashasangam.ncert.org.in/playlist.php***

Schools under all the seven autonomous bodies i.e. KVS, NVS, CBSE, CISCE, CTSA, Sainik Schools, Atomic Energy Education Society (AEES) etc. have actively participated in Bhasha Sangam. Top participating States/UTs/Autonomous bodies include Andhra Pradesh, Maharashtra, Tamil Nadu, KVS etc. From the social media (Twitter handle), it is evident that there are 2629 likes on Bhasha Sangam conversation. Out of these 42,55,109 people have opened and read content of the tweet (total reach on Twitter). Bhasha Sangam conversation/message were delivered to 1,51,50,985 persons across the world (total impressions on Twitter).

Selected News clippings and photographs recieved from various schools have been provided on the subsequent pages

Analytics on Bhasha Sangam

Videos Received through Web Portal

1,35,414
Total Video entries recieved

Participation by State/UTs = 36, Autonomous bodies = 07

Access the videos on: *http://bhashasangam.ncert.org.in/playlist.php*

Status of Videos submitted by States/UTs

Andaman and Nicobar Islands -	(62)	Haryana -	(1115)	Nagaland -	(116)
Andhra Pradesh -	(94872)	Himachal Pradesh -	(409)	Orissa -	(879)
Arunachal Pradesh -	(739)	Jammu and Kashmir -	(500)	Pondicherry -	(508)
Assam -	(817)	Jharkhand -	(325)	Punjab -	(663)
Bihar -	(799)	Karnataka -	(1367)	Rajasthan -	(1932)
Chandigarh -	(357)	Kerala -	(851)	Sikkim -	(37)
Chhattisgarh -	(432)	Lakshadweep -	(12)	Tamil Nadu -	(5473)
Dadra and Nagar Haveli -	(22)	Madhya Pradesh -	(2078)	Tripura -	(239)
Daman and Diu -	(3)	Maharashtra -	(10238)	Uttaranchal -	(501)
Delhi -	(2787)	Manipur -	(194)	Uttar Pradesh -	(2448)
Goa -	(671)	Meghalaya -	(82)	West Bengal -	(903)
Gujarat -	(887)	Mizoram -	(75)	Telangana -	(2015)

Status of Videos submitted by Autonomous Bodies

KVS -	(14059)	AEES -	(33)	Sainik School -	(74)
NVS -	(1680)	CBSE -	(8233)	Others -	(4912)
CTSA -	(16)	ICSE -	(6)	State/UTs -	(106392)

Impact on Twitter Handle

Geographical Coverage



Popularity on Twitter

Total Likes
2629

Total Reach
42,55,109

Total Impression
1,51,50,985

Bhasha Sangam in Media

Live हिन्दुस्तान .com

होम NCR

स्कूली बच्चों में 'भाषाई सहिष्णुता' बढ़ाने को HRD मंत्रालय का ये नया फरमान

नई दिल्ली। हिन्दुस्तान टाइम्स
Last updated: Sat, 24 Nov 2018 07:22 PM IST

जब भी हम किसी से मिलते हैं तो सबसे पहले उसे अपनी भाषा में संबोधित करने के लिए हिंदी में 'नमस्ते', अंग्रेजी में 'हैलो', तमिल भाषा में 'वणक्कम', मणिपुरी में खुरमुजारी, उर्दू में 'अदाब' और संथाली में 'जोहर' कहते हैं।

राष्ट्रीय एकता और "भाषाई सहिष्णुता" को बढ़ावा देने के लिए जल्द ही नियमित रूप से स्कूलों में सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान स्कूली छात्रों को इस तरह के अलग-अलग शब्द (सबक) सिखाए जाएंगे।

इसके लिए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एचआरडी) मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर 'भाषा संगम' कार्यक्रम के तहत स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के दौरान सीनियर स्टूडेंट्स द्वारा पांच अलग-अलग भाषाओं के शब्द बोलने के लिए कहा है।

मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "एक दिन यह शब्द तमिल भाषा का हो सकता है तो दूसरे दिन असमिया, अगले दिन पंजाबी, बंगाली या संविधान की आठवीं अनुसूची के तहत आने बीस भाषाओं में से किसी भी भाषा में ये हो सकते हैं। इसका उद्देश्य भाषाई सहिष्णुता और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के साथ ही हर बच्चे को इन सभी भाषाओं में सरल संवाद से परिचित कराना है।"

अधिकारी ने कहा कि यह कार्यक्रम कम उम्र में ही छात्रों को विभिन्न आयाम देने का प्रयास है।

मंत्रालय ने स्कूलों से इन राज्यों के शिक्षकों, माता-पिता, सरकारी कर्मचारियों को स्कूल में बुलाकर आमतौर पर इस्तेमाल किए जाने वाले वाक्यों को पढ़ने के लिए आमंत्रित करने को कहा है, जिसके लिए मंत्रालय ने किताब भी बनवाई की है।

एचआरडी मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि शिक्षक छात्रों को उस दिन के लिए चुनी गई भाषा में संबोधित कर सकते हैं और उनके साथ बातचीत कर सकते हैं और छात्रों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

स्प्रिंगडेल स्कूल, नई दिल्ली की प्रिंसिपल अमिता वट्टल ने कहा, "यह विविधता का जश्न मनाने का एक सरल तरीका है। हमें अपने देश की विविधता का जश्न मनाने के और तरीके भी मिलना चाहिए।

NEWS SERVICES DIVISION
ALL INDIA RADIO

150th Birth Anniversary of Mahatma Gandhi

HOME NATIONAL INTERNATIONAL STATE BUSINESS SPORTS REGIONAL NSD ARCHIVES हिंदी

NEWS HIGHLIGHTS Raje won Jhalarpatan seat. Congress surges ahead of BJP in race to Chhattisgarh and Rajasthan Assemblies;

National News

Nov 30, 2018, 9:03AM

Govt launches Bhasha Sangam to introduce school students to 22 Indian languages

The government has launched a unique initiative called Bhasha Sangam to introduce school students to 22 Indian languages. The initiative, under Ek Bharat Shreshtha Bharat, was launched on 22nd of this month and will continue till the 21st of December.

Bhasha Sangam is a programme for schools and educational institutions to provide multilingual exposure to students in Indian languages. Another objective of Bhasha Sangam is to enhance linguistic tolerance and respect and promote national integration.

NSD Logo

Human Resource Development Minister Prakash Javadekar had recently uploaded a video on his Twitter account, about 'Bhasha Sangam. He said it is just the beginning of a journey meant to create interest in different Indian languages and curiosity to learn more.

Talking to AIR, Secretary, HRD Ministry, Reena Ray said there are 22 languages listed in Schedule VIII of the Constitution but most students are familiar with only one or two languages. She said millions of school children are now being familiarised with other languages under Bhasha Sangam.

नवभारत टाइम्स

स्कूली छात्रों को क्षेत्रीय भाषाओं का बुनियादी ज्ञान देने के लिये भाषा संगम पहल

भाषा| Nov 26, 2018, 03.40 PM IST

नयी दिल्ली, 26 नवंबर :भाषा: मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत 'भाषा संगम' पहल शुरू की है जिसके तहत ऑनलाइन माध्यम से स्कूली छात्रों को देश के अलग अलग प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषाएं सीखने का अवसर मिलेगा । मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक अधिकारी ने 'भाषा' को बताया कि 'भाषा संगम' पहल के तहत संविधान की आठवीं अनुसूची में वर्णित 22 भाषाओं के बारे में ई..पाठशाला के माध्यम से छात्रों को बुनियादी जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है । इस कार्यक्रम की शुरूआत पिछले सप्ताह की गई है । इसके तहत हिन्दी, असमिया, बंगाली, बोडो, तमिल, तेलुगु, उर्दू, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाली, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, डोगरी भाषा के बारे में छात्रों को बताया जायेगा । भाषा संगम के तहत प्रतिदिन किसी एक भाषा से संबंधित बोलचाल के शब्द और संवाद से जुड़ी पांच पंक्तियां बतायी जाती हैं । उच्च कक्षा के छात्रों को इन पांच पंक्तियों पर आधारित पोस्टर तैयार करने को भी कहा गया है । छात्रों से कहा गया है कि वे अपने घर पर इन सीखे गए शब्दों एवं पंक्तियों का उपयोग करें । स्कूलों में भी संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही गई । इस संवाद पर आधारित ऑडियो लिंक भी संलग्न किया गया है ताकि छात्रों को उच्चारण में कोई परेशानी पेश नहीं आए । अधिकारी ने बताया कि इसका मकसद छात्रों को दूसरी भारतीय भाषाएं सीखने के लिए प्रेरित करना तथा भाषायी सहिष्णुता एवं राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है ।

अमर उजाला

खुशखबर: सीबीएसई स्कूलों में बच्चे सीखेंगे 22 राज्यों की भाषाएं, हर दिन सिखाई जाएगी अलग भाषा

न्यूज डेस्क/अमर उजाला, देहरादून Updated Wed, 28 Nov 2018 08:30 AM IST

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं अब हर दिन अलग राज्य की भाषा सीखेंगे। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय के भाषा संगम प्रोजेक्ट के तहत मंगलवार से इसकी शुरुआत की गई।

सीबीएसई ने पिछले दिनों भाषा संगम के लिए नोटिफि केशन जारी किया था। इसके अनुसार छात्रों को अगले एक महीने में इन भाषाओं को सिखाने के लिए प्रोजेक्ट चलाया जाएगा। इसमें कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्रों को शामिल किया जाएगा।

जिससे वह हिंदी, अंग्रेजी के अलावा देश के अलग-अलग प्रदेशों की क्षेत्रीय भाषाओं को भी सीख सकेंगे। छात्र इस प्रोजेक्ट के तहत हर भाषा के पांच वाक्य सीखेंगे। इसके बाद उन्हें प्रार्थना के समय इन वाक्यों को बोलना होगा।

किस दिन कौन सी भाषा सिखाई जाएगी

साथ ही छात्रों को घर पर अभिभावकों के साथ इन वाक्यों पर विचार-विमर्श करना होगा। स्कूलों में प्रतिदिन दी जाने वाली जानकारी का वीडियो बनेगा। यह वीडियो सीबीएसई की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा।

विवेकानंद स्कूल के प्रिंसिपल एके सिंह का कहना है कि वह पहले से ही इस दिशा में काम कर रहे थे। अब सरकार और सीबीएसई के निर्देशों के तहत पांच-पांच वाक्य सिखाए जाएंगे। सीबीएसई के क्षेत्रीय अधिकारी रणबीर सिंह के मुताबिक सभी स्कूलों को निर्देशों से अवगत करा दिया गया है। स्कूल अपनी प्रशिक्षण की वीडियो वेबसाइट पर अपलोड करेंगे।

28 नवंबर को गुजराती, 29 को हिंदी, 30 नवंबर को कन्नड़, तीन दिसंबर को कश्मीरी, चार को कोंकणी, पांच को मैथिली, छह को मलयालम, सात को मणिपुरी, दस को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उड़िया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को संथली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलुगू और 21 दिसंबर को पूरे प्रोजेक्ट का प्रसारण किया जाएगा।

भाषा संगम के तहत सरकारी स्कूल के बच्चे सीख रहे 22 भारतीय भाषाएं

Ambala News - सरकारी स्कूल के बच्चे देश की 22 विविध भाषाओं के साथ रूबरू हो रहे हैं। बच्चों में भाषा को सीखने की ललक इतनी है कि...

Dainik Bhaskar
Dec 10, 2018, 02:02 AM IST

सरकारी स्कूल के बच्चे देश की 22 विविध भाषाओं के साथ रूबरू हो रहे हैं। बच्चों में भाषा को सीखने की ललक इतनी है कि सीनियर सेकेंडरी के अलावा प्राइमरी विंग के बच्चे भी प्रोग्राम से जुड़कर अपनी प्रतिभा बढ़ा रहे हैं। हर दिन बच्चे पांच वाक्यों के जरिए अलग-अलग भाषा को सीखते हैं। जिसका उद्देश्य यह है कि बच्चों में भाषा संगम कार्यक्रम के तहत एक-दूसरी भाषा को सीखकर उनमें सम्मान बढ़े। इस प्रोजेक्ट को कैंट के मेन ब्रांच स्कूल में हिंदी प्राध्यापिका डॉ. सोनिका की देखरेख में चलाया जा रहा है। प्रोग्राम 21 दिसंबर तक चलेगा।

पांच वाक्यों के जरिए संवाद कर सीखते हैं भाषा| हिंदी प्राध्यापिका डॉ. सोनिका ने बताया कि मानव संसाधन मंत्रालय द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक भाषा संगम प्रोग्राम शुरू किया गया है। बच्चों को प्रार्थना सभा में पांच वाक्य हर दिन अलग-अलग भाषा के दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रोग्राम को पहले 9वीं से 12वीं तक शुरू किया गया था, मगर प्राइमरी विंग के स्टूडेंट की रुचि भी प्रोग्राम में बढ़ी है।

नेगेटिव चीज को खत्म करने का प्रयास| डॉ. सोनिका बताती हैं कि कई बार देखने में आता है कि लोग दूसरे राज्यों की भाषा का मजाक बनाते हैं जिससे उनमें नेगेटिविटी आती है, मगर देश की 22 भाषाओं को सीखकर स्टूडेंट में नेगेटिविटी खत्म होगी। बुकलेट के माध्यम से बच्चों को भाषा बोलनी सिखाई जाती है। इसे लेकर दिनोंदिन बच्चों की दिलचस्पी भी बढ़ी है।

ओम इंटरनेशनल स्कूल में भाषा संगम कार्यक्रम में बच्चे सीखेंगे नई भाषा

Hisar News - भाषा संगम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे बच्चे। हिसार | ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों को विभिन्न...

Dainik Bhaskar
Dec 21, 2018, 04:11 AM IST

भाषा संगम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे बच्चे।

हिसार | ओम इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में बच्चों को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान कराने के उद्देश्य से भाषा संगम कार्यक्रम कराया गया। इसमें बच्चों को 20 नवंबर से निरंतर प्रार्थना सभा के दौरान हर रोज एक नई भाषा सिखाई गई। इसके साथ ही उस भाषा से संबंधित शब्द और वाक्य भी सिखाए गए। नई भाषाएं सीखने के प्रति बच्चों में भी भारी उत्साह दिखाई दी। इस मुहिम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं से अवगत कराना है। प्राचार्या सिम्मी जाखड़ के निर्देशन में बच्चों को बंगाली, गुजराती, हिंद, मैथिली, मराठी, पंजाबी, संस्कृत एवं उर्दू भाषाओं का अभ्यास कराया गया। इस भाषा संगम कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़चढ़ कर उत्साह के साथ भाग लिया।

नौनिहालों को मराठी भाषा का कराया बोध

संवादसूत्र, बलरामपुर : सदर शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय धुसाह प्रथम मॉडल स्कूल में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत भाषा संगम का आयोजन किया गया। सोमवार को विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अंग्रेजी में अर्थ समझाकर मराठी भाषा बोलने का अभ्यास कराया गया।

प्रधानाचार्या प्रतिमा सिंह ने बताया कि बच्चों को मराठी भाषा में नमस्कार, तुम्हारा क्या नाम है, तुम कैसे हो, मैं अच्छा हूं सहित आम बोलचाल में बोले जाने वाले वाक्यों का बोध कराया गया। बताया कि प्रार्थना सभा के दौरान नियमित रूप से बच्चों को रोजाना देश की विभिन्न भाषाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। सहायक अध्यापक जयशेखर, देवेश मिश्र मौजूद रहे।

Bhasha Sangam in Media

अब स्कूली बच्चे सीखेंगे क्षेत्रीय भाषाएं, ऐसे करवाई जाएगी पढ़ाई

केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई पहल से अब स्कूली बच्चे को अन्य राज्यों की क्षेत्रीय भाषाएं सिखने का अवसर प्राप्त होगा.

aajtak.in [Edited By: मोहित पारीक]
नई दिल्ली, 27 नवंबर 2018, अपडेटेड 15:57 IST

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत 'भाषा संगम' पहल शुरू की है, जिसके तहत बच्चों को अलग-अलग प्रदेशों की भाषाएं सीखने का मौका मिलेगा. स्कूली बच्चों को ऑनलाइन माध्यम से स्कूली छात्रों को देश की अलग-अलग क्षेत्रीय भाषाएं सिखाई जाएगी.

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि 'भाषा संगम' पहल के तहत ई-पाठशाला के माध्यम से छात्रों को बुनियादी जानकारी प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है. इसमें संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल 22 भाषाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी.

इस कार्यक्रम की शुरूआत पिछले सप्ताह की गई है. इसके तहत हिन्दी, असमिया, बंगाली, बोडो, तमिल, तेलुगु, उर्दू, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयाली, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओडिया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, डोगरी भाषा के बारे में छात्रों को बताया जाएगा. भाषा संगम के तहत प्रतिदिन किसी एक भाषा से संबंधित बोलचाल के शब्द और संवाद से जुड़ी पांच पंक्तियां बतायी जाती हैं.

उच्च कक्षा के छात्रों को इन पांच पंक्तियों पर आधारित पोस्टर तैयार करने को भी कहा गया है. छात्रों से कहा गया है कि वे अपने घर पर इन सीखे गए शब्दों और पंक्तियों का उपयोग करें. स्कूलों में भी संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने की बात कही गई.

भाषा के संगम में डुबकी लगाएंगे केवियन

Publish Date:Wed, 21 Nov 2018 09:00 AM (IST)

मेरठ के तीनों केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे (केवियन) भाषा के संगम में डुबकी लगाएंगे। मेरठ सहित सभी केंद्रीय विद्यालयों में मंगलवार को एक साथ 'भाषा संगम' कार्यक्र

मेरठ : मेरठ के तीनों केंद्रीय विद्यालयों में पढ़ने वाले हजारों बच्चे (केवियन) भाषा के संगम में डुबकी लगाएंगे। मेरठ सहित सभी केंद्रीय विद्यालयों में मंगलवार को एक साथ 'भाषा संगम' कार्यक्रम शुरू कर दिया गया। हर दिन केवियन देश में प्रचलित 22 भाषाओं में से किसी एक भाषा के पांच वाक्य सीखेंगे। ये संबंधित प्रदेश की भाषा के प्रचलित वाक्य होंगे। बच्चों से इनका उच्चारण कराने के साथ लिखवाया भी जाएगा, ताकि जरूरत पड़ने पर वे ¨हदी और अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषाओं में भी संवाद कर सकें। इससे अनेकता में एकता का भाव पैदा होने के साथ-साथ भाषाई भेदभाव भी मिटेगा।

नवाचार • भाषा संगम (एक भारत श्रेष्ठ भारत) कार्यक्रम के तहत होगी प्रदेशभर में गतिविधियां

सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे देश की 22 भाषाएं, रोज प्रार्थना सभा में वाक्यों को पढ़ना और बोलना सिखाएंगे

बच्चों में राष्ट्रीय एकता के भाव विकसित होंगे

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी अब हर दिन प्रार्थना सभा में विविध भाषाओं को बोलना एवं पढ़ना सीखेंगे। जिले के सभी संस्था प्रधानों को सीबीईईओ के माध्यम से आदेश जारी कर दिए हैं। यह गतिविधियां 21 दिसंबर तक पूरी करनी होगी।

भारत सरकार के निर्देशानुसार नवंबर के दूसरे पखवाड़े शुरू होकर 21 दिसंबर तक भाषा संगम के तहत विद्यार्थियों को देश की विविध भाषाओं की जानकारी दी जानी है। इसका उद्देश्य विद्यार्थी को भारतीय संविधान के तहत 22 भाषाओं के सामान्य संवादों से परिचित कराया जाना है। इस संबंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक ने सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी हेमेंद्र उपाध्याय के अनुसार आदेशों की पालना के लिए सीबीईईओ के मार्फत सभी संस्था प्रधानों को सर्कुलर जारी कर दिया है। कई जगह पर कार्यक्रम शुरू भी हो गए हैं।

यह करना होगा, टाइम फ्रेम जारी, पुरस्कार का प्रावधान

21 दिसंबर तक यह सिखाएंगे भाषाएं: नवंबर में 27 को डोगरी, 28 को गुजराती, 29 को हिंदी, 30 को कन्नड़, 3 दिसंबर को कश्मीरी, 4 को कोंकणी, 5 को मैथिली, 6 को मलयालम, 7 को मणिपुरी, 10 को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उडिया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को संथली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलुगु व 21 दिसंबर को उर्दू सिखाई जाएगी। स्कूलों को इस कार्यक्रम की फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी कर वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके बाद संस्था प्रधान, पीईईओ, ब्लॉक व जिले के अधिकारी प्रतिदिन 5 से 10 स्कूलों की गतिविधियों का चयन करेंगे। श्रेष्ठ स्कूल, ब्लॉक, जिला व राज्य को स्कूल शिक्षा विभाग के एनएचआरडी द्वारा चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

चुनाव के कारण अभी कई स्कूलों में कार्यक्रम शुरू नहीं

कार्यक्रम 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक होना है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अभी रूपरेखा तैयार नहीं हो पाई है। शिक्षा विभाग के अधिकारी आदेश की देरी को चुनाव गतिविधियों की व्यस्तता से जोड़ रहे हैं। जिले के सभी शिक्षा व आला अधिकारी चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त हैं, ऐसे में इस अभियान की क्रियान्वित देरी से शुरू होगी।

यह भी करना होगा

- भाषा के जानकारों को स्कूल में बुलाकर विविध भाषाओं के बोलचाल के शब्दों का ज्ञान का कराया जाएगा।
- वाक्यों पर पोस्टर बनाने के लिए 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे।
- विद्यार्थियों को घर पर इन वाक्यों के प्रयोग के लिए भी प्रोत्साहित करेंगे।
- इन गतिविधियों की गाइडलाइन एवं भाषाई संवादों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी होगी।

Govt launches Bhasha Sangam to introduce school students to 22 Indian languages

Published on November 30, 2018

The government has launched a unique initiative called Bhasha Sangam to introduce school students to 22 Indian languages. The initiative, under Ek Bharat Shreshtha Bharat, was launched on 22nd of this month and will continue till the 21st of December.

Bhasha Sangam is a programme for schools and educational institutions to provide multilingual exposure to students in Indian languages. Another objective of Bhasha Sangam is to enhance linguistic tolerance and respect and promote national integration.

Human Resource Development Minister Prakash Javadekar had recently uploaded a video on his Twitter account, about 'Bhasha Sangam. He said it is just the beginning of a journey meant to create interest in different Indian languages and curiosity to learn more.

Talking to our source, Secretary, HRD Ministry, Reena Ray said there are 22 languages listed in Schedule VIII of the Constitution but most students are familiar with only one or two languages. She said millions of school children are now being familiarised with other languages under Bhasha Sangam.

दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

विद्यार्थियों को 22 भाषाओं का ज्ञान देने के लिए हुआ भाषा संगम समारोह

Jhabua News - विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं को पोस्टर पर लिखकर उसके बारे में जानकारी ली। केंद्रीय विद्यालय गेल में हुआ...

Dainik Bhaskar
Dec 07, 2018, 03:41 AM IST

विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं को पोस्टर पर लिखकर उसके बारे में जानकारी ली।

केंद्रीय विद्यालय गेल में हुआ आयोजन

झाबुआ | केंद्रीय विद्यालय गेल के विद्यार्थियों को 22 भाषाओं का ज्ञान देने के लिए भाषा संगम समारोह का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के निर्देश पर स्कूल में 20 नवंबर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसका समापन 21 दिसंबर को होगा।

विद्यालय के प्राचार्य जेपी बोहरे ने बताया समारोह का उद्देश्य भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लेखित सभी 22 भाषाओं का प्रचार-प्रसार करना है। इसी के तहत विद्यार्थियों को हिंदी, अंग्रेजी, मैथिली, कोंकणी, तमिल, तेलुगू, आसामी, मलयालम इत्यादि भाषाओं के बारे में बताया जा रहा है। आयोजन में मनीष त्रिवेदी, रणजीत यादव, श्रीयदुनंदन गोतम, सुनीता पिल्लई विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दे रहे हैं।

भाषा संगम कार्यक्रम • विभिन्न भाषी छात्रों को एकसूत्र में पिरोने के लिए, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की स्कूलों में होगी शुरुआत

सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे देश की 22 भाषाएं

भास्कर न्यूज | रावतभाटा

सरकारी स्कूलों के बच्चे अब देश की 22 भाषाओं की जानकारी से होंगे रूबरू। विद्यार्थियों को देश की 22 भाषाओं की सामान्य संवाद की जानकारी देने के लिए अब स्कूलों में भाषा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय सरकार ने मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय को जिम्मा सौंपा है।

यह कार्यक्रम 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित करवाना है, लेकिन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से अभियान को शुरू करवाने के लिए विभाग ने 22 नवंबर को जारी किया। जबकि निदेशानुसार अभियान तो 20 नवंबर से भी शुरू होना था। ऐसे में स्थानीय स्तर पर अभी रूपरेखा भी तैयार नहीं हो पाई है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारी आदेश की देरी को चुनाव गतिविधियों की व्यस्तता से जोड़ रहे हैं। जिले के सभी शिक्षा व आला अधिकारी चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त है, ऐसे में इस अभियान की क्रियान्वित को लेकर संशय बना हुआ है। अभियान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को अब भाषा के संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके तहत प्रदेश के सभी प्राइमरी, मिडिल, सैकंडरी, सीनियर सैकंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राएं संविधान की 7वीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं को जान सकेंगे। 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक सभी स्कूलों में प्रार्थना के बाद प्रतिदिन एक भाषा के पांच वाक्यों से सभी छात्रों को अवगत कराया जाएगा।

अभियान में यह होगी गतिविधियां: अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेशचंद्र ने बताया कि स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में पांच वाक्यों को पोस्टर्स में उतार कर कक्षाओं की दीवारों पर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्रों को इन वाक्यों से परिवारजनों से भी साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे छात्रों के जहन में ये वाक्य बैठ जाए और वे राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी अन्य भाषी राज्य सामान्य चर्चा में हिस्सा ले सकें। इसका प्रमुख उद्देश्य विभिन्न भाषी छात्रों को एकसूत्र में पिरोने के लिए किया जाएगा, जो कि अनेकता में एकता को बढ़ावा देने सहित समझने के लिए छात्रों को प्रेरित करेंगा।

मिलेंगे पुरस्कार: सभी स्कूलों को इस कार्यक्रम की फोटोग्राफी के साथ वीडियोग्राफी भी करनी होगी और उन्हें वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके बाद संस्था प्रधान, पीईईओ, ब्लॉक व जिले के अधिकारी प्रतिदिन 5 से 10 स्कूलों की गतिविधियों का चयन करेंगे। श्रेष्ठ स्कूल, ब्लॉक, जिला व राज्य को स्कूल शिक्षा विभाग के एनएचआरडी द्वारा चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

21 दिसंबर तक यह सिखाएंगे भाषाएं: 26 को बोडो, 27 को डोगरी, 28 को गुजराती, 29 को हिंदी, 30 को कन्नड़, 3 दिसंबर को कश्मीरी, 4 दिसंबर को कोणकी, 5 दिसंबर को मैथिली, 6 दिसंबर को मलयालम, 7 को मणिपुरी, 10 को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उड़िया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को संथली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलुगु व 21 दिसंबर को उर्दू सिखाई जाएगी।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में भाषा संगम (एक भारत श्रेष्ठ भारत) का आयोजन 20 नवंबर से शुरू करने के निर्देश राजस्थान स्कूल परिसर से 22 नवंबर को जारी हुए हैं। इस अभियान का जिम्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी के पास है। स्कूलों में अभियान की क्रियान्वित शीघ्र ही करवाई जाएगी।

THE NEW INDIAN EXPRESS   Monday, December, 24, 2018 09:26:06 AM

NATION | WORLD | STATES | CITIES | BUSINESS | SPORT | ENTERTAINMENT | GALLERIES | VIDEOS

Home › States › Karnataka

Government school students to be introduced to 22 languages in a month

The Bhasha Sangam programme, under the 'Ek Bharat Shreshtha Bharat' project of the MHRD, will be followed in schools from November 20 to December 21, 2018.

Published: 23rd November 2018 04:41 AM | Last Updated: 23rd November 2018 04:41 AM   A+ A A-

By Express News Service

BENGALURU: Students at government schools across the country will get introduced to 22 Indian languages in a span of one month, under a new project initiated by the Ministry for Human Resource Development (MHRD).

The Bhasha Sangam programme, under the 'Ek Bharat Shreshtha Bharat' project of the MHRD, will be followed in schools from November 20 to December 21, 2018, during which schoolchildren will be introduced to all 22 India languages of Schedule VIII of the Constitution.

The ministry has released a schedule marking dates for each language, and students have already been introduced to Assamese and Bengali on November 20 and 22, respectively. Next on the schedule is Bodo on November 26, and Dogri on November 27. Kannada is scheduled for introduction on November 30.

During the Bhasha Sangam programme, the school authorities have to introduce students to five sentences of the language fixed for that particular day/date by reading out the sentences in the morning assembly and asking the students to repeat them.

"We need to read out five simple short commonly-used sentences, for eg, what is your name, hello, how are you, etc. In case there are any students who know that particular language we can make them read out the sentences in the morning assembly," said a teacher from a government school in the city.

Bhasha Sangam in Media

आयोजन डीपीएस आरके पुरम में भाषा संगम कार्यक्रम, 17 स्कूलों के बच्चों ने लिया भाग

'भाषा की मिठास जोड़ सकती है समाज को'

■ वरिष्ठ संवाददाता, नई दिल्ली

प्रतियोगिताओं में जीतने स्कूलों के स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

स्टूडेंट्स में भाषा के प्रति सम्मान और व्यक्तित्व में निखार के लिए शनिवार को आरके पुरम स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) में भाषा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 17 स्कूलों के बच्चों ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। मुख्य अतिथि पद्मा सचदेव रहीं। इस दौरान डीपीएस आरकेपुरम की प्रिंसिपल वनिता सहगल भी थीं। विंग्स थियेटर के निदेशक तारिक और डॉ सारस्वत भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए पद्मा सचदेव ने कहा कि भारत में जितनी विविधता है, उतनी शायद ही किसी देश में हो। यहां 1700-1800 बोलियां हैं। सबके लोकगीत हैं, जो लोगों को बांधते हैं। स्कूल की प्रिंसिपल वनिता सहगल ने कहा कि हर भाषा की अपनी मिठास है। अगर भाषा समाज को अलग-अलग विभाजित करती है, तो यह जोड़ भी सकती है।

प्रतियोगिताएं भी हुई

कहानी मंचन प्रतियोगिता में डीपीएस फरीदाबाद पहले, डीपीएस द्वारका दूसरे स्थान पर रहा। इंटर स्कूल लैंग्वेज फेस्टिविल के कैरेक्टर पोटरेट में डीपीएस इंटरनैशनल ने बाजी मारी। टंग ट्विस्टर प्रतियोगिता में डीपीएस गुड़गांव प्रथम और डीपीएस नोएडा दूसरे स्थान पर रहा। दूरदर्शन प्रस्तुति प्रतियोगिता में डीपीएस फरीदाबाद पहले और अमृता विद्यालय दूसरे नंबर पर रहा।

भाषा संगम; देशातील २२ भाषांमध्ये किमान पाच वाक्ये बोलावीत

असा आहे पूर्ण कार्यक्रम

आमटेम शाळेत भाषा संगम उपक्रमाची सुरुवात

▶ कर्नाळा : किशोर केणी

शासनाने राष्ट्रीय एकात्मता वाढीसाठी एक भारत श्रेष्ठ भारत ईबीएसबी हा कार्यक्रम हाती घेतला आहे. या अनुषंगाने 20 नोव्हेंबर 21 डिसेंबर 2018 या कालावधीत भाषा संगम हा उपक्रम सर्व शाळांमध्ये सर्व भारतीय भाषांबद्दल अधिक प्रेम व आपुलकी निर्माण होण्याच्या दृष्टीने घ्यावयाचा आहे. त्याचप्रमाणे हा उपक्रम आमटेम येथे सुरू करण्यात आला आहे.

या उपक्रमाला 30 नोव्हेंबारपासून सुरूवात होऊन विविध 22 भारतीय भाषांचा क्रम लावलेला आहे. त्याचबरोबर या विद्यार्थ्यांना या उपक्रमांतर्गत वाक्यांवर आधारित भितीपत्रके तयार करण्यास सांगितली आहेत आणि ती पोस्टर्स व भितीपत्रके शाळेत लावण्यास तसेच त्यासंदर्भाने इतर काही पूरक उपक्रम व त्यांची माहिती घ्यावी, असे या उपक्रमाचे नियोजन आहे. त्यानुसार रायगड जिल्हा परिषद शाळा आमटेम येथे भाषा संगम या उपक्रमाची सुरुवात झालेली आहे. त्यामध्ये उपक्रमाचे महत्त्व व माहिती भारतीय राष्ट्रीय एकात्मता यावर रायगड जिल्हा परिषद शाळा आमटेम येथील उपशिक्षिका चित्ररेखा जाधव यांनी विद्यार्थ्यांना माहिती दिली.

या उपक्रमाअंतर्गत उपलब्ध असणाऱ्या ऑडियोच्या माध्यमातून सर्व शिक्षकवृंद ऑडीयोमधून दर दिवशी नियोजनाप्रमाणे म्हणजे आसामी, बंगाली, बोडो, डोग्री या पद्धतीने क्रमानुसार दररोज परिपाठात उपलब्ध असणाऱ्या त्या भाषेचे ऑडियो विद्यार्थ्यांना ऐकवले जातात. त्यानंतर सामुदायिक सराव घेतला जातो. त्यानंतर एक किंवा दोन विद्यार्थ्यांना याविषयीचे सादरीकरण करण्यासाठी मार्गदर्शन केले जाते.

भाषा संगम में बच्चों ने लिया बंगाली भाषा का ज्ञान

मेरठ, लोकसत्य। प्राथमिक विद्यालय कमालपुर के बच्चों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत भाषा संगम में बंगाली भाषा का ज्ञान लिया। बच्चो ने वेबसाइट पर दिए गए पांच वाक्यों का अध्ययन किया। शिक्षिका यतिका पुंडीर ने बच्चों को बंगाली भाषा के कुछ शब्दों का ज्ञान कराया। उन्होंने बच्चों को बंगाली गीत भी याद कराया, जिसे बच्चों ने बहुत ही उत्साह से सीखा। इस मौके पर पंकज शर्मा, सहबा जमाल, मोनिका शर्मा व मोहम्मद अरशद मौजूद रहे।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने लांच की "भाषा संगम" पहल

December 1, 2018

हाल ही में केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने "भाषा संगम" नामक पहल शुरू की, इस पहल का उद्देश्य स्कूली छात्रों को भारतीय संविधान आठवीं अनुसूची की 22 भारतीय भाषाओँ से परिचित करवाना है।

भाषा संगम

इस पहल को "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के तहत लांच किया गया है। यह कार्यक्रम 22 नवम्बर से 21 दिसम्बर, 2018 तक चलेगा। इसका उद्देश्य भाषाई एकता तथा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। इस पहल के अंतर्गत स्कूल प्रशासन को निश्चित दिन के लिए किसी भाषा के पांच वाक्य प्रातः कालीन सभा में बताने होंगे और छात्रों को उन वाक्यों की पुनरावृत्ति करने के लिए कहा जायेगा। इस पहल के द्वारा स्कूली छात्रों को देश की विभिन्न भाषाओँ को जानने का मौका मिलेगा।

बड़ी खबरें

स्कूलों में आज से 22 भाषाओं में पांच वाक्य सीखेंगे विद्यार्थी

देश भर के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे मंगलवार से एक महीने तक 22 भाषाओं के पांच वाक्यों को सीखेंगे। 21 दिसंबर तक चलने वाला 'भाषा संगम' केंद्रीय मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय के स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम के तहत आयोजित किया जा रहा है। एचआरडी मंत्रालय में संयुक्त सचिव मनीष गर्ग की ओर से सभी देश के सभी शिक्षा सचिवों केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति को जारी पत्र में कहा गया है कि 'भाषा संगम' के माध्यम से हम विद्यार्थियों को भाषायी विविधता से रूबरू कराएंगे। इससे स्कूलों में पढ़ने वाले

www.jansatta.com Nov 20, 2018, 07:33 IST

भाषा संगम कार्यक्रम • विभिन्न भाषी छात्रों को एकसूत्र में पिरोने के लिए, एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान की स्कूलों में होगी शुरुआत

सरकारी स्कूलों के बच्चे सीखेंगे देश की 22 भाषाएं

भास्कर न्यूज़ | तलवाड़ा

सरकारी स्कूलों के बच्चे अब देश की 22 भाषाओं की जानकारी से होंगे रूबरू। विद्यार्थियों को देश की 22 भाषाओं की सामान्य संवाद की जानकारी देने के लिए अब स्कूलों में भाषा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए केंद्रीय सरकार ने मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय को जिम्मा सौंपा है।

यह कार्यक्रम 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक आयोजित करवाना है, लेकिन अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशालय की ओर से अभियान को शुरू करवाने के लिए विभाग ने 22 नवंबर को जारी किया। जबकि निर्देशानुसार अभियान तो 20 नवंबर से भी शुरू होना था। ऐसे में स्थानीय स्तर पर अभी रूपरेखा भी तैयार नहीं हो पाई है। शिक्षा विभाग के आला अधिकारी आदेश की देरी को चुनाव गतिविधियों की व्यस्तता से जोड़ रहे हैं। जिले के सभी शिक्षा व आला अधिकारी चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त है, ऐसे में इस अभियान की क्रियान्वित को लेकर संशय बना हुआ है। अभियान में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं को अब भाषा के संगम में डुबकी लगाएंगे। इसके तहत प्रदेश के सभी प्राइमरी, मिडिल, सैकेंडरी, सीनियर सैकेंडरी स्कूलों के छात्र-छात्राएं संविधान की 7वीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं को जान सकेंगे। 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक सभी स्कूलों में प्रार्थना के बाद प्रतिदिन एक भाषा के पांच वाक्यों से सभी छात्रों को अवगत कराया जाएगा।

अभियान में यह होंगी गतिविधियां: अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेशचंद्र ने बताया कि स्कूलों में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में पांच वाक्यों को पोस्टर्स में उतार कर कक्षाओं की दीवारों पर लगाया जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्रों को इन वाक्यों से परिवारजनों से भी साझा करने के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे छात्रों के जहन में ये वाक्य बैठ जाए और ये राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी अन्य भाषी राज्य सामान्य चर्चा में हिस्सा ले सकें। इसका प्रमुख उद्देश्य विभिन्न भाषी छात्रों को एकसूत्र में पिरोने के लिए किया जाएगा, जो कि अनेकता में एकता को बढ़ावा देने सहित समझने के लिए छात्रों को प्रेरित करेगा।

मिलेंगे पुरस्कार: सभी स्कूलों को इस कार्यक्रम की फोटोग्राफी के साथ वीडियोग्राफी भी करनी होगी और उन्हें वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। इसके बाद संस्था प्रधान, पीईईओ, ब्लॉक व जिले के अधिकारी प्रतिदिन 5 से 10 स्कूलों की गतिविधियों का चयन करेंगे। श्रेष्ठ स्कूल, ब्लॉक, जिला व राज्य को स्कूल शिक्षा विभाग के एमएचआरडी द्वारा चयनित कर पुरस्कृत किया जाएगा।

21 दिसंबर तक यह सिखाएंगे भाषाएं: 26 को बोडो, 27 को डोगरी, 28 को गुजराती, 29 को हिंदी, 30 को कन्नड़, 3 दिसंबर को कश्मीरी, 4 दिसंबर को कोंकणी, 5 दिसंबर को मैथिली, 6 दिसंबर को मलयालम, 7 को मणिपुरी, 10 को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उड़िया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को संथाली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलुगु व 21 दिसंबर को उर्दू सिखाई जाएगी।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में भाषा संगम (एक भारत श्रेष्ठ भारत) का आयोजन 20 नवंबर से शुरू करने के निर्देश राजस्थान स्कूल परिसर से 22 नवंबर को जारी हुए हैं। इस अभियान का जिम्मा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी बूंदी के पास है। स्कूलों में अभियान की क्रियान्वित शीघ्र ही करवाई जाएगी।

केंद्र सरकार द्वारा स्कूलों में 22 भाषाएं सिखाने के लिए 'भाषा संगम' परियोजना आरंभ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबंधित अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं प्रत्येक राज्य की भाषा सीख सकेंगे. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय की भाषा संगम परियोजना के तहत 27 नवंबर 2018 से इसकी शुरुआत की गई.

सीबीएसई ने कुछ समय पूर्व ही भाषा संगम के लिए अधिसूचना जारी की थी. इसके अनुसार छात्रों को अगले एक महीने में इन भाषाओं को सिखाने के लिए प्रोजेक्ट चलाया जाएगा. इसमें कक्षा एक से कक्षा 12 तक के छात्रों को शामिल किया जाएगा.

संगम परियोजना
संगम परियोजना के तहत 28 नवंबर को गुजराती, 29 को हिंदी, 30 नवंबर को कन्नड़, तीन दिसंबर को कश्मीरी, चार को कोंकणी, पांच को मैथिली, छह को मलयालम, सात को मणिपुरी, दस को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उड़िया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को संथली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलुगु और 21 दिसंबर को पूरे प्रोजेक्ट का प्रसारण किया जाएगा.

BHASHA SANGAM INITIATIVE FOR CBSE CLASS 10 & 12 TEACHES 22 LANGUES UNDER SCHEDULE VIII

This scheme aims to extend the knowledge of the students on the basic courtesy and communication in different languages.

By Parul Sharma · November 29, 2018

As per the latest reports, a revolution has been made by the Ministry of Human Resource Development (MHRD). Now, the ministry has suggested all the heads of the CBSE schools to follow Bhasha Sangam Initiative. It is a programme under which all the schools or educational institutions will provide the multilingual disclosure to the students. So, all the students of class 10 and 12 who are studying under CBSE board will get the opportunity to explore the various languages under the Schedule VIII of the Constitution of India.

The students will get the chance to learn basic courtesy and communication sentences of the different languages listed in India Constitution Schedule VIII. Regarding this, the Central Board of Secondary Education has released a notification for its all schools to conduct this programme. Bhasha Sangam programme will be conducted from November 27 to December 21, 2018.

Bhasha Sangam in Media

शुरुआत | एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान से 3140 स्कूलों में चलेगी भाषा संगम की क्लास

हिंदी के साथ 22 भाषाएं सीखेंगे तीन लाख नौनिहाल

संजय तिवारी

गोंडा। बेसिक शिक्षा के परिषदीय स्कूलों में देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए एक पहल शुरू की गई है। जिले के 3140 स्कूलों में एक साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान को सोमवार से ही लागू कर दिया गया। हर स्कूल में भाषा संगम की पाठशाला से देश की 22 भाषाओं का सामान्य परिचय स्कूलों में पढ़ने वाले 3.32 लाख बच्चों को कराया जाना है। 21 दिसम्बर तक चलने वाले इस मुहिम के लिए 7 हजार शिक्षकों, 2957 शिक्षामित्र, 522 अनुदेशकों को जिम्मेदारी दी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मनिराम सिंह ने भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से जारी किए गए इस मुहिम को सबसे पहले जिले में लागू किया है।

जिले के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को वैसे तो सामान्य जानकारी दी जाती है, हिन्दी के साथ ही उर्दू और संस्कृत भाषा के बारे में बताया जा रहा है। लेकिन यह पहली बार हुआ है कि 22 भाषाओं के महत्वपूर्ण व बोलचाल की भाषा की जानकारी दिए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके पीछे मंशा भाषाओं से परिचय कराने के साथ ही देश की विविधता और वहां के बोलचाल के बारे में जानकारी देना है। बीएसए ने 21 दिसंबर तक अभियान चलाकर बच्चों को इसकी जानकारी देने का निर्देश सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया है। शिक्षकों को किसी दिक्कत के बारे में करनैलगंज के धौरहरा स्कूल के प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह से जानकारी लेने का निर्देश दिया गया है। उन्हें अभियान का सलाहकार बनाया गया है।

हर दिन अलग भाषा

शिक्षकों को 22 भाषाओं की जानकारी बच्चों को देने के लिए हर दिन एक भाषा के बारे में बताना होगा। इसके लिए भाषा संगम बुकलेट के जरिए भाषाओं की जानकारी दी गई है और तिथि तय की गई है। नवंबर में 20 को असमी भाषा, 22 को बंगाली, 26 को बोडो, 27 को डोंगरी, 28 को गुजराती, 29 को हिन्दी, 30 को कन्नड भाषा का ज्ञान देना है। दिसंबर में 3 को कश्मीरी, 4 को कोंकणी, 5 को मैथली, 6 को मलयालम, 7 को मणिपुरी, 10 को मराठी, 11 को नेपाली, 12 को उड़िया, 13 को पंजाबी, 14 को संस्कृत, 17 को शंथाली, 18 को सिंधी, 19 को तमिल, 20 को तेलगू, 21 को उर्दू भाषा की जानकारी दी जाएगी।

मुहिम की निगरानी की भी व्यवस्था

एक भारत श्रेष्ठ भारत मुहिम की निगरानी हाईटेक तरीके से भी होगी। सीधे वाटसएप के जरिए मानीटरिंग के लिए चार समन्वयकों, 12 खंड शिक्षा अधिकारियों, 85 सह समन्वयकों, 166 न्याय पंचायत समन्वयकों को लगाया गया है। बीएसए मनिराम सिंह खुद सीधे वाटसएप ग्रुपों पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहाकि स्कूल के बच्चों को देश की विविध भाषाओं के बारे में जानकारी होनी चाहिए।

भाषा संगम बुकलेट में हर भाषा का अनुवाद

बेसिक शिक्षा विभाग ने स्कूलों को भाषा संगम की बुकलेट जारी की है। इसमें 22 भाषाओं के चुनिंदा शब्दों का अनुवाद है। किस भाषा में उन वाक्यों का क्या मतलब है और उसे कैसे लिखा व बोला जाना है, इसकी जानकारी भी है। सहज तरीके से रोज की बोलचाल की भाषा कैसे बोली जाए यह बताया गया है। शिक्षकों को इसी बुकलेट के आधार पर बच्चों को भाषा बतानी है।

देश की भाषाओं के बारे में बच्चों को जानकारी देने के लिए यह पहल की गई है। इससे देश की एकता और अखंडता का विकास होगा और बच्चों को इस बात की जानकारी हो सकेगी कि जो वे यहां बोलते हैं उसे अन्य राज्यों में कैसे बोला जाता है।
-मनिराम सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी

इस संगम में विद्यार्थियों को मिलेगा 22 भाषाओं का ज्ञान

संसू, गोंडा : बेसिक शिक्षा विभाग भाषा संगम नाम से मंगलवार से नई पहल शुरू करने जा रहा है, जिसमें छात्रों को देश की प्रमुख 22 भाषाओं का अध्ययन कराया जाएगा। उनको भाषा की सामान्य जानकारी देने के साथ ही उसे बोलने व लिखने की तरकीब बताई जाएगी। इसको लेकर कवायद शुरू कर दी गई हैं। पहले चरण में 20 नवंबर से 21 दिसंबर तक कार्यक्रम निर्धारित किया गया हैं। इसके जरिए देश अखंडता और मजबूत होगी।

भारत सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत उक्त पहल शुरू की गयी हैं। प्रत्येक दिन छात्रों को एक भाषा के विषय में बताया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय धौरहरा के प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह को प्रभारी नामित किया गया हैं।

पहल

- आज से शुरू होकर 21 दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम
- भारत की 22 भाषाओं का कराया जाएगा अध्ययन

इन भाषाओं का कराया जाएगा ज्ञान

छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी के साथ ही अब आसामी, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, कन्नड़, कश्मीरी, कोनकी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथली, सिंधी, तमिल, तेलुगू व उर्दू सिखाईजाएगी।

छात्रों को पढ़ाई के बाद रोजगार के सिलसिले में बाहर जाना पड़ता है, जहां पहली समस्या भाषा को लेकर होतीहै। देशकी अखंड्ता के लिए सभी भाषा को जानना बहुत जरूरी है। इसके लिए भाषा संगम कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें छात्रों को विभिन्न भाषाओं का ज्ञान कराया जाएगा।

अब देश 22 भाषाओं से परिचित होंगे नौनिहाल, एक महीने तक प्रत्येक दिन नई भाषा सीखेंगे बच्चे

परिषदीय स्कूलों में होगा देश की भाषाओं का संगम

गोण्डा | दिवाकर सिंह

परिषदीय स्कूलों में बच्चों को देश में व्याप्त अलग-अलग संस्कृतियों से रूबरू कराने की ओर सरकार बेसिक शिक्षा विभाग की नई पहल हुई है। अब परिषदीय विद्यालयों में देश की विभिन्न भाषाओं का संगम होगा।

बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को भारत की विभिन्न 22 भाषाओं का सामान्य परिचय कराया जाएगा। इसके लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है। भारत की एकता और अखंडता को बढ़ाने की एक अच्छी पहल की जा रही है। भारत की विभिन्न भाषाओं को बोलकर बच्चे सीखेंगे तो है ही साथ ही साथ इससे भारत की राष्ट्रीय एकता और अखण्डता भी बढ़ेगी और बच्चों में नया संदेश भी जायेगा।

शिक्षक रवि प्रताप करेंगे समाधान

इस कार्यक्रम को संचालित करने में किसी प्रकार की परेशानी होने पर सहायता और समाधान के लिए भी व्यवस्था की गई है। शैक्षिक नवाचार व अन्य गतिविधियों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले कर्नलगंज शिक्षा क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय धौरहरा के प्रधानाध्यापक रवि प्रताप सिंह को सहयोगी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत में बना प्लान

भाषा संगम को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत कराया जा रहा है। इससे छात्रों को अपने देश की भाषा में विविधता को सीखने का अवसर भी मिलेगा। बीएसए मनिराम सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम 20 नवम्बर से शुरू होकर 21 दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें भारत की विभिन्न 22 भाषाओं में बच्चों में अपना सामान्य परिचय देना सिखाया जाएगा। इसे बहुत ही सरल तरीके से भारत सरकार के मार्गदर्शन में केंद्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद ने पेश किया गया है। इसमें प्रत्येक कार्यदिवस में छात्रों को एक निश्चित भाषा सिखाई जाएगी।संबंधित सामग्री खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

ఈనాడు కడప | మంగళవారం 20 నవంబరు 2018

భాషా ప్రాముఖ్యత అవసరం

- జాతీయ స్థాయిలో భాష నేర్పు
- తొలిరోజు అస్సామీతో ప్రారంభం

చాపాడు, న్యూస్‌టుడే : ఏ ప్రాంతానికి చెందిన వారైనా భాష తెలియకపోతే తికమక పడాల్సిందే. ఇక నుంచి అలాంటి తిప్పలు అవసరం లేదని విద్యాభ్యాసం సమయంలోనే జాతీయస్థాయిలో ఎన్ని భాషలున్నాయి, వాటి వివరాలను మినిస్ట్రీ ఆఫ్ హ్యూమన్ రిసోర్సెస్ డెవలప్‌మెంట్ (కేంద్ర మానవ వనరుల అభివృద్ధిశాఖ) తెలియపరుస్తోంది. దేశ వ్యాప్తంగా భాషా సంఘం సంస్థ ఏక్‌భారత్ శ్రేష్ఠభారత్ పేరుతో విద్యార్థులకు 22 భాషలు నేర్పించాలనేది దీని ముఖ్య ఉద్దేశం. దేశ వ్యాప్తంగా ప్రాథమిక స్థాయి నుంచి ఉన్నత విద్యనభ్యసించే విద్యార్థులు దీన్ని ఆచరించాల్సి ఉంది. 15 లక్షల పాఠశాలల్లో, 85 లక్షల మంది ఉపాధ్యాయులు, 26 కోట్ల మంది విద్యార్థులు దీన్ని పాటించాలని చెబుతున్నారు. రోజూ ఒక భాషలో ఐదు పదాలను పలికించాలని నిబంధనలు పెట్టారు. తొలుత అస్సాం రాష్ట్రానికి చెందిన అహమీ భాషను మంగళవారం పలకనున్నారు. అస్సామెస్, బెంగాలి, బోడో, డోగ్రీ, గుజరాతీ, హిందీ, కన్నడ, కశ్మీరీ, కొంకని, మైథిలి, మలయాళం, మణిపురి, మరాఠి, నేపాలి, ఒడియా, పంజాబీ, సంస్కృతం, శాంతాలి, సింధి, తమిళం, తెలుగు, ఉర్దూ భాషల్లో పలికించాల్సి ఉంది. హలో, మీ పేరేమిటి, ఎలా ఉన్నారు, బాగున్నారా అనే వాక్యాలను పలికించాలి. వాటివద్ద ఉన్న క్యూఆర్‌కోడ్ స్కాన్ చేస్తే సంబంధిత భాషలో ఎలా పలకాలో ఆడియోను రూపొందించారు. డిసెంబరు 20న మన మాతృభాష తెలుగును దేశంలో అందరు విద్యార్థులు పలకనున్నారు. తేనెలొలుకు తెలుగు ఆరోజు అందరి నోట వినిపించనుంది. హెచ్‌టీటీపీ ఈ పాఠశాల జీవో.ఇన్, ఎంహెచ్‌ఆర్‌డీ వెబ్‌సైట్‌లో ఫొటోలు, వీడియోలు వెబ్‌సైట్‌లో నమోదు చేయాలని సూచించారు. ఎన్ని భాషలు, సంస్కృతులు ఉన్నాయనే విషయం తెలుస్తుంది. ఎన్ని ఉన్నా అన్నీ దేశమంతా ఒక్కటే అన్న ఐక్యతా భావం పెంపొందించేందుకు ఇది ఉపయోగపడనుంది. భాష సంఘంలో ఇది తొలి కార్యక్రమం.

భాషా సంఘం ముఖచిత్రం

పలు రకాల భాషల్లో పలకరింపు

Hindi News | Rajasthan | Gangapur | Gangapur News languages given in the language sangam program

भाषा संगम कार्यक्रम में भाषाओं की दी जानकारी

Gangapur News - स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में भाषा संगम के तहत...

Dainik Bhaskar

Dec 07, 2018, 02:35 AM IST

Gangapur News - languages given in the language sangam program

स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चौहान की अध्यक्षता में भाषा [illegible] विभिन्न भाषाओं की जानकारी दी गई। कमलेश मीणा व ऋषिता और रश्मि मीणा ने हिंदी को राष्ट्र भाषा बताया वहीं पुखराज मीणा, कृतिका शर्मा ने संस्कृत पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संस्कृत भाषाओं की जननी है और सबसे प्राचीन भाषा है। आसिफ खान ने अंग्रेजी भाषा, सोनिया मंडल ने बंगाली भाषा के बारे में सभी को विस्तार से जानकारी दी।

1 / 2 | ...ंग वीडियो देखें

Glimpses of Bhasha Sangam





Glimpses of Bhasha Sangam